# 7. वचन

संज्ञा शब्दों की संख्या बताने वाले शब्द वचन कहलाते हैं। वचन द्वारा किसी शब्द की निश्चित या अनिश्चित संख्या का बोध होता है।

- शिक्षक/शिक्षिका बच्चों को वचन की पुनरावृत्ति करवाएँ।
- कक्षा या आसपास की चीजों को दिखाकर उनकी संख्या बताने को कहें।
- वचन के दोनों रूपों एकवचन तथा बहुवचन के बारे में समझाएँ।
- पाठ में दिए चित्रों के वाक्यों को पढ़ें और बच्चों को समझाएँ।
- बताएँ, संसार की प्रत्येक चीज़ या तो एक होती है या एक से अधिक।
- एकवचन-बहुवचन शब्द बच्चों से पढ़वाएँ। सभी को वाचन करने का समान अवसर दें।
- बीच-बीच में बच्चों की उपस्थिति जाँचने के लिए किसी शब्द का बहुवचन रूप पूछें।
- वचन का क्रिया तथा विशेषण शब्दों पर क्या प्रभाव पड़ता है, उदाहरणों की सहायता से समझाएँ।
- समझाएँ, आदर या सम्मान सूचक शब्दों के साथ क्रिया का बहुवचन रूप में प्रयोग होता है।
- कुछ शब्द हमेशा एकवचन होते हैं तथा कुछ शब्द हमेशा बहुवचन, उदाहरण देते हुए समझाएँ।
- पाठ अभ्यास करवाएँ। मौखिक प्रश्नों के उत्तर बच्चों से ही पूछें।